जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

29 सितम्बर 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया में पुरस्कार वितरण के साथ "हिंदी पखवाड़ा" का समापन**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आज 29 सितम्बर 2023 को विश्वविध्यालय के मीर अनीस हॉल में "हिंदी पखवाड़ा" का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. इक़बाल हुसैन ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की| जामिया के कुलसचिव प्रो. नाज़िम हुसैन जाफरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे| कार्यक्रम समन्वयक एवं जवाहरलाल नेहरू अध्ययन केंद्र की मानद निदेशक प्रोफ़ेसर इंदु वीरेंद्रा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत करते हुए "हिंदी पखवाड़ा" के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं और प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों पर प्रकाश डाला|

समापन समारोह में जामिया की डीन, छात्र कल्याण प्रो. सीमी फरहत बशीर; डीन,सामाजिक विज्ञान संकाय प्रो. मुस्लिम खान; जामिया के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश चन्द्र पन्त; जामिया के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर चन्द्र देव सिंह यादव; जामिया के वित्त अधिकारी सी.ए. शेख सफीउल्लाह; सभी उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव तथा अन्य कर्मचारी शामिल थे| हिंदी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया|

गौरतलब है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है, इस वर्ष भी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में "हिंदी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन 14 सितम्बर से 29 सितम्बर 2023 तक किया गया| हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र वितरित किए गए|

इस अवसर पर जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. इक़बाल हुसैन ने अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी के व्यापक प्रसार के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करने पर ज़ोर दिया|

कुलसचिव प्रो. नाज़िम हुसैन जाफरी ने हिंदी दिवस की पृष्ठभूमि और उसके महत्त्व को रेखांकित करते हुए कार्यालयों में राजभाषा हिंदी को अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की| उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए कर्मचारियों की सराहना की|

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. इंदु वीरेंद्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया


FOUNDATION STONE
OF
Academic Block for Health
& Allied Sciences
laid by
Dr. Subhas Sarkar
Hon'ble Minister of State for Education Government of India
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
on
Saturday, September 23, 2023
FOUNDATION STONE
OF
Teachers' Training Block
laid by
Dr. Subhas Sarkar
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
on
FOUNDATION STONE
OF
Research & Training Block
laid by
Dr. Subhas Sarkar
Hon'ble Minister of State for Education Government of India
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
on
Saturday, September 23, 2023
FOUNDATION STONE
OF
Classrooms Block
(North Campus)
Dr. Subhas Sarkar
FOUNDATION STONE
OF
Hall of Residence (Boys)
laid by
Dr. Subhas Sarkar
Hon'ble Minister of State for Education Government of India
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
on
Saturday, September 23, 2023


FOUNDATION STONE
Research & Training Block


सी.ए.शेख़ सफीउल्लाह
अधिकारी
प्रो. इकबाल हुसैन
कार्यवाहक कुलपति




FOUNDATION STONE
OF
Academic Block for Health & Allied Sciences
laid by
Dr. Subhas Sarkar
Hon'ble Minister of State for Education Government of India
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
FOUNDATION STONE
OF
Teachers' Training Block
laid by
Dr. Subhas Sarkar
Hon'ble Minister of State for Education Government of India
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
on
Saturday, September 23, 2023
FOUNDATION STONE
OF
Research & Training Block
laid by
Dr. Subhas Sarkar
Hon'ble Minister of State for Education Government of India
In the presence of
Prof. Najma Akhtar (Padma Shri)
Hon'ble Vice-Chancellor, Jamia Millia Islamia
on
Saturday, September 23, 2023
FOUNDATION STONE
OF
Residential Staff Quarters
laid by
In the presence of
on
प्रो. इन्दु वीरेन्द्रा

***